 Seat No. | | | | | |

Time : 2½ Hours

# HINDI (S.L.)

## (For Childern With Special Needs)

Subject Code

| S | 1 | 2 | 5 |
|---|---|---|---|

**Total No. Of Questions : 8** **(Printed Pages : 15)** **Maximum Marks : 80**

**सूचना : —** (*i*) हर संपूर्ण प्रश्न का उत्तर नये पन्ने से ही शुरू कीजिए।

(*ii*) प्रश्न क्रमांक और उपप्रश्न क्रमांक स्पष्ट रूप से लिखिए ।

(*iii*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

(*iv*) दार्यी ओर दर्शाए हुए अंक प्रश्न के लिए निर्धारित अंक हैं ।

(*v*) प्रश्न क्रमांक 6 इ मंद दृष्टि वालों के लिए (Visually impared) है।

1. (अ) निम्नलिखित गद्यखंड के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आज सुबह खिल्लनमर्ग पर सर्दियों की पहली बर्फ का छींटा दिखाई दे गया। गोया गुलमर्ग में 'सीजन' के आखिरी दिन आन पहुँचे। अहमदू का दिल घर जाने के लिए तड़प उठा। पाँच महीनों से लगातार बोझ उठा रहा था, कोई सड़क या पगडंडी बाकी न रही होगी जिस पर उसके पसीने की बूँदें न गिरी हों। लेकिन उसके बावजूद वह कुल बारह आने का सरमाया जमा कर पाया था, और इन बारह आनों में छ: आने उस बोझ के थे जो अभी-अभी वह टंगमर्ग के लारियों के अड्डे तक उठाकर लाया था।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त गद्यखंड जिस पाठ से लिया गया है उस पाठ का नाम क्या है ? 1

(अ) ईमानदार लड़का—विष्णु प्रभाकर

(आ) मुर्गी की कीमत—भीष्म साहनी

(इ) गुप्तधन—प्रेमचंद

(ई) भोलाराम का जीव-हरिशंकर परसाई।

(*ii*) सर्दियों की पहली बर्फ का छींटा कहाँ दिखाई दे गया? 1

(अ) गुलमर्ग में दिखाई दे गया।

(आ) कश्मीर में दिखाई दे गया।

(इ) श्रीनगर में दिखाई दे गया।

(ई) खिल्लनमर्ग में दिखाई दे गया।

(*iii*) अहमदू का दिल किसलिए तड़प उठा? 1

(अ) अहमदू का दिल घर जाने के लिए तड़प उठा।

(आ) अहमदू अधिक सरमाया जमा करना चाहता था।

(इ) अहमदू का दिल अपने बीबी-बच्चों से मिलने के लिए तड़प उठा।

(ई) अहमदू कोई सड़क या पगडंडी छोड़ना नहीं चाहता था।

(*iii*) अहमदू ने पाँच महीनों में कितना सरमाया जमा किया? 1

(अ) पाँच आने का सरमाया जमाया।

(आ) छः आने का सरमाया इकठ्ठा किया।

(इ) दस आने का सरमाया जमा कर दिया।

(ई) बारह आने का सरमाया जमा किया।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **15-20** शब्दों में लिखिए। 8

(*i*) बीजक के अनुसार धन किस जगह पर स्थित था?

(*ii*) प्रताप किशनगंज में क्यों आया था?

(*iii*) भोलाराम ने किस हालत में दम तोड़ दिया?

(*iv*) डॉ. माशेलकर जी के अध्ययन और शोध के मुख्य विषय क्या रहे हैं?

(*v*) क्रिकेट खिलाड़ी युवराज सिंह ने किसे मात दे दी थी?

2. (अ) कोष्ठक में से दिए हुए शब्द चुनकर निम्नलिखित रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : 6

(द्रास, गाँव, जबलपुर, लखनऊ, संसार, मंदिर, व्यक्तित्व, किशनगंज)

(1) अच्छा, कल ले लूँगा या मेरे घर ले आना.........................मैं रहता हूँ।

(2) भोलाराम नाम था उसका.......................शहर के धमापुर मुहल्ले में रहता था।

(3) डॉ. माशेलकर का..........................आकर्षक है।

(4) गोवा आज पूरे.........................में पर्यटकों का विशेष आकर्षण है।

(5) 'टाइगर हिल' के हीरो यागेन्द्र को तुरंत.........................पहुँचाया गया।

(6) अरुणिमा को सी.आई.एस.एफ. परीक्षा में शामिल होने के लिए...............से दिल्ली जाना था।

(आ) निम्नलिखित 'क' विभाग के पाठ के साथ 'ख' विभाग में दिए हुए उनके लेखक के साथ उचित जोड़े लगाओ : 2

| 'क' | 'ख' |
|---|---|
| (1) परमवीर चक्र से अलंकृत : योगेन्द्र सिंह यादव | (अ) राजेन्द्र पांडुरंग केरकर |
| (2) गोवा का जलपर्यटन और सुरक्षा | (आ) विश्वास मेहंदले |
| | (इ) शिवकुमार गोयल |

3. (अ) निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों के आधार पर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2

स्वर्ण-शृंखला के बन्धन में
अपनी गति, उड़ान सब भूले
बस सपनों में देख रहे हैं
तरु की फुनगी पर के झूले।

**प्रश्न :**

(1) उपर्युक्त पद्यखंड किस कविता से लिया गया है?

(अ) व्याकुल-माँ

(आ) कबीरबानी

(इ) हमें न बाँधो प्राचीरों में

(ई) धरे रहो धीरज

(2) इस कविता के कवि का नाम क्या है?

(अ) नागार्जुन

(आ) शिवमंगल सिंह 'सुमन'

(इ) रवीन्द्रनाथ ठाकुर

(ई) संत कबीर

(3) पंछी अपनी गति, उड़ान क्यों भूल गए?

(अ) पंछियों में अब उड़ने की शक्ति नहीं रही है।

(आ) पंछियों की स्वतंत्रता छीन ली गई है।

(इ) तीलियों से टकराकर उनके पंख टूट गए हैं।

(ई) स्वर्ण-शृंखला के बंधन की वजह से वह अपनी उड़ान भूल गए हैं।

(4) पंछी सपनों में क्या देख रहे हैं?

(अ) तरु की फुनगी पर बैठे पंछी देख रहे हैं।

(आ) तरु पर खिले फूल और फल देख रहे हैं।

(इ) तरु की फुनगी पर के झूले देख रहे हैं।

(ई) तरु पर लहराती टहनियाँ देख रहे हैं।

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **10–15** शब्दों में लिखिए । 6

(1) हमें रात के दैत्यों से डरने की जरूरत क्यों नहीं है?

(2) कवि ने बहुत दिनों के बाद किसकी तान सुनी?

(3) जब देश में दीवाली मनाई जा रही थी, तब सीमा पर सैनिक क्या कर रहे थे?

(4) किताबें बड़ी हसरत से क्यों ताकती हैं?

(इ) निम्नलिखित 'क' विभाग में दिए गए कविता के साथ 'ख' विभाग में दिए हुए उनके पद्यांश के साथ उचित **जोड़े लगाओ**। 2

| **'क'** | **'ख'** |
|---|---|
| (1) वक्त | (अ) सगुन मनावति माता |
| (2) रनिया | (आ) यह तो एक लीक है। |
| | (इ) देस-बंधु की गरीब बहन। |

4\. (अ) निम्नलिखित सहायक-क्रियाओं में से किन्हीं **दो** क्रियाओं का सहायक क्रिया के रूप में सार्थक वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(1) देना

(2) लेना

(3) बैठना।

(आ) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार किन्हीं **दो** वाक्यों का वाक्य परिवर्तन कीजिए : 2

(1) नारद को दया आ गई थी। (प्रश्नवाचक वाक्य में)

(2) आज गोवा सुरक्षित है। (निषेधवाचक वाक्य में)

(3) तुमने अच्छा काम किया है। (विस्मयवाचक वाक्य में)

(इ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : 2

(1) प्रताप

(2) माँ

(3) शीत

(ई) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों का विशेषण रूप लिखिए : 2

(1) मौसम

(2) शरीर

(3) शान।

5. (अ) निम्नलिखित शब्दों में से किसी **एक** शब्द का प्रसंगानुसार भिन्न-भिन्न अर्थ स्पष्ट करने के लिए उसका अलग-अलग वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 2

(1) फल

(2) वर

(3) उत्तर।

(आ) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं **दो** शब्दों के भाववाचक संज्ञा रूप लिखिए : 2

(1) समान

(2) अमीर

(3) सजाना।

(इ) निम्नलिखित मुहावरों में से किन्हीं **दो** मुहावरों का **अर्थ लिखकर** उन मुहावरों का अलग–अलग सार्थक **वाक्यों में प्रयोग** कीजिए : 4

(1) परास्त करना

(2) पीठ थपथपाना

(3) फतह करना।

6\. (अ) निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर **100–150** शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिए : 5

(1) बाजार में एक घंटा

(2) मेरा प्रिय नेता

(3) दीपावली का त्यौहार

(4) प्रदूषण एक समस्या।

(आ) निम्नलिखित सूचनाओं के अनुसार किसी **एक** पत्र का प्रारूप तैयार कीजिए : 6


मिलिंद/मयूरी परब, घोटेली–केरी, गोवा से अपने छोटे भाई मानस को पत्र लिखकर उसे बुरी संगत से दूर रहने की सलाह देते हुए पत्र लिखता/लिखती है।


**अथवा**


विजय/विजया गांवकर, घर क्र. 5/104 भाटी, सांगे–गोवा से सार्वजनिक बांधकाम विभाग के अभियंता को पत्र लिखकर उन्हें सड़कों की दुर्दशा बताकर, मरम्मत करवाने की प्रार्थना करता/करती है।

(इ) निम्नलिखित रूपरेखा के साथ उसके नीचे दिए गए चित्रों के साथ कहानी पूरी कीजिए। उसे उचित शीर्षक और सीख भी लिखिए। 5

एक टोपियाँ बेचने वाला – टोपियाँ बेचने जंगल के रास्ते दूसरे गाँव जाना – पेड़ के नीचे आराम करना – पेड़ पर बंदर – टोपियाँ लेकर पेड़ पर चले जाना – उठकर देखना, टोकरी खाली – बहुत हैरान – सोच-विचार करना – अपनी टोपी जमीन पर फेंकना – बंदरों का भी टोपियाँ फेंकना – टोपियाँ इकट्ठा करके अपनी राह चलना-सीख।














**अथवा**

निम्नलिखित रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखिए। उसे उचित शीर्षक और सीख भी लिखिए। 5

एक नाले पर एक सँकरा पुल – दोनों ओर से दो कुत्तों का आना – आपस में लड़ना – दोनों का नाले में गिरना – तभी दोनों ओर से दो बकरियों का आना – एक-दूसरे को देखना – एक बकरी बैठ जाना – दूसरी का उसके ऊपर से चले जाना – कुत्तों का यह देखना – शार्मिंदा होना – सीख।

7. निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई वीरता और देश-भक्ति की प्रतीक मानी जाती है। झाँसी की रानी ने जिस वीरता, युद्धकला और साहस का परिचय दिया, वह बहुत कम नेताओं में होता है। लक्ष्मीबाई का जन्म सन् 1877 ई. में काशी में हुआ था। उनके पिता का नाम मोरोपन्त और माता का नाम भागीरथी था। बचपन से ही उन्हें घुड़सवारी और तलवार चलाने का शौक था।

लक्ष्मीबाई का विवाह झाँसी के राजा गंधाधर राव के साथ हुआ किन्तु शीघ्र ही उनके पति का स्वर्गवास हो गया। अंग्रेज सरकार ने उनका राज्य छीन लेने की धमकी दी। पर रानी जीते जी झाँसी का राज्य देने को तैयार न थी। अंग्रेजों ने किले पर हमला किया। रानी ने डटकर शत्रुओं से लोहा लिया। अंग्रेजों की विशाल सेना के आगे रानी की सेना बहुत समय तक न टिक सकी। झाँसी का किला अंग्रेजों के हाथ लग जाना। रानी ने ग्वालियर आकर पुन: सेना संगठित की और अंग्रेजों की सेना से युद्ध किया। लड़ाई

में रानी के वीर सैनिक मारे गए। रानी भी लड़ते-लड़ते घायल हो गई थी। नाला पार करते समय पीछे से दो अंग्रेज सैनिकों ने रानी पर हमला किया। रानी ने दोनों को मार गिराया लेकिन साथ ही रानी भी संसार से विदा हो गई। रानी लक्ष्मीबाई ने मरते दम तक जो वीरता दिखाई वह आज तक भारतीय वीरांगनाओं का आदर्श बनी हुई है।

**प्रश्न :-**

(1) रानी लक्ष्मीबाई किस का प्रतीक मानी जाती है ? 1

(अ) बुद्धिमता और सत्य का प्रतीक

(आ) वीरता और देश-भक्ति का प्रतीक।

(2) रानी लक्ष्मीबाई ने अपने किन गुणों का परिचय दिया? 1

(अ) वीरता, युद्धकला और साहस।

(आ) सच्चाई, राष्ट्रीयता और ईमानदारी।

(3) रानी का जन्म कब और कहाँ हुआ था? 1

(अ) सन् 1876 ई. में गुजरात में।

(आ) सन् 1877 ई. में काशी में।

(4) रानी लक्ष्मीबाई के माता-पिता का नाम क्या था? 1

(अ) पिता का नाम मोरोपन्त और माता का नाम भागीरथी।

(आ) पिता का नाम केशवदत्त और माता का नाम सावित्री।

(5) बचपन में रानी को कौनसा शौक था? 1

(अ) धनुर्विद्या और नेमबाजी का शौक था।

(आ) घुड़सवारी और तलवार चलाने का शौक था।

(6) लक्ष्मीबाई का विवाह किसके साथ हुआ? 1

(अ) राजा दामोदर राव से हुआ था।

(आ) राजा गंगाधर राव से हुआ था।

(7) अंग्रेज सरकार ने रानी लक्ष्मीबाई को क्या धमकी दी? 1

(अ) राज्य छीन लेने की धमकी दी।

(आ) राज्य विभाजन करने की धमकी दी।

(8) झाँसी का.....................अंग्रेजों के हाथ लग गया। 1

(अ) राज्य

(आ) किला।

(9) रानी लक्ष्मीबाई की वीरता किनके लिए आदर्श बनी हुई है? 1

(अ) वीरांगनाओं के लिए।

(आ) वीरों के लिए।

(10) उपर्युक्त गद्यखंड के लिए उचित शीर्षक दीजिए। 1

8. निम्नलिखित गद्यखंड को पढ़कर उसके नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

बेकारी की समस्या जितनी नगरवालों के सामने है, उससे कहीं अधिक गाँववालों के सामने भी है। भारत गाँवों का देश है, यहाँ का किसान वर्षा पर आश्रित रहता है। वर्षा के अभाव में अन्नोत्पादन संभव नहीं। कुटीर उद्योग-धंधों की ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे वे अपने रिक्त समय में कार्य कर सकें। इससे देश की आर्थिक अवस्था दृढ़ होगी। ग्रामीण व्यक्तियों को गाँव छोड़कर नगर में नहीं जाना चाहिए, इससे बेरोजगारी बढ़ती है। इस पर नियंत्रण लगाना चाहिए। आजकल हजारों गाँवों में रहने वाले शहरों में आकर बसते जा रहे हैं, जिससे बेकारी की समस्या की वृद्धि हो रही है।

**प्रश्न :**

(1) भारत कैसा देश है? 1

(अ) भारत शहरों का देश है।

(आ) भारत गाँवों का देश है।

(2) भारत का किसान किस पर आश्रित रहता है? 1

(अ) भारत का किसान रोजगार पर आश्रित रहता है।

(आ) भारत का किसान वर्षा पर आश्रित रहता है।

(3) वर्षा के अभाव में क्या संभव नहीं है? 1

(अ) वर्षा के अभाव में अन्नोत्पादन संभव नहीं है।

(आ) वर्षा के अभाव में उर्जात्पादन संभव नहीं है।

(4) बेरोजगारी बढ़ने का क्या कारण है? 1

(अ) ग्रामीण व्यक्तियों का नगर छोड़कर गाँव जाना।

(आ) ग्रामीण व्यक्तियों का गाँव छोड़कर नगर जाना।

(5) नगरवालों के सामने कौन-सी समस्या है? 1

(अ) नगरवालों के सामने पानी की समस्या है।

(आ) नगरवालों के सामने बेरोजगारी की समस्या है।

(6) इस गद्यखंड को उचित शीर्षक दीजिए। 1